# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

**प्रो. अवधेश कुमार**

Prof. Avadhesh Kumar

**अध्यक्ष, हिंदी साहित्य विभाग**

Head, Deptt. of Hindi Literature


आज़ादी का अमृत महोत्सव

पत्रांक 016/हिं.सा.वि./2023/1116

दिनांक : 14.12.2023

## आवश्यक सूचना (संशोधित)

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय (आरबीबी, आई एंड टी प्रभाग) 235-एल, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली के पत्र संख्या क्यू/हिंदी/621/30/2023 दिनांक 08 दिसंबर, **2023** के आलोक में सूचित किया गया है कि विदेश मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष दिनांक 10 जनवरी को '**विश्व हिंदी दिवस**' का आयोजन किया जाता है। इस साल विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू भवन में (10 जनवरी, **2024)** को **विश्व हिंदी दिवस** मना रहा है। महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में हिंदी सीख रहे **विदेशी छात्रों** के लिए हिंदी साहित्य विभाग दिनांक 18 दिसंबर, **2023** को सायं 04.00 बजे से ग़ालिब सभागार में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। भाषण प्रतियोगिता के लिए निम्नलिखित विषय निर्धारित किए गए हैं:

1. मैंने हिंदी इस प्रकार सीखी।
2. भारत कैसा लगा।
3. मेरी नजर में भारतीय संस्कृति।

उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने के बाद प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार विजेताओं की सूची विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली को भेजी जाएगी। उन विजेताओं को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए समारोह में नई दिल्ली आमंत्रित किया जा सकता है। भाषण प्रतियोगिता के लिए पूर्णांक 50 का होगा। भाषण के नियम एवं शर्तें निम्नानुसार हैं :

1. प्रतिभागी इस सत्र का नियमित विद्यार्थी/शोधार्थी हो।
2. प्रतिभागी को दिए गए स्थान एवं समय पर पहुंचना अनिवार्य होगा।
3. प्रतिभागी के पास परिचय पत्र/ प्रवेश की रसीद होना अनिवार्य है ।
4. प्रत्येक प्रतिभागी को **05** मिनट का समय दिया जाएगा।
5. अनुशासनहीनता दंडनीय अपराध होगा।
6. प्रतिभागी द्वारा किसी जाति, धर्म, लिंग, वर्ण, वर्ग आदि पर आक्षेप मान्य नहीं होगा।
7. निर्णायकों का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

अधिष्ठाता, भाषा विद्यापीठ, अधिष्ठाता, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ, अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय शिक्षण विभाग एवं अध्यक्ष,भाषा विज्ञान विभाग से विशेष सहयोग की अपेक्षा के साथ।

14/12/23

(अवधेश कुमार)

**संलग्न :विदेश मंत्रालय का पत्र**

**प्रतिलिपि : (ई मेल द्वारा)**

1. कुलपति कार्यालय 2. कुलसचिव कार्यालय (विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने के अनुरोध के साथ) 3. अधिष्ठाता, साहित्य विद्यापीठ 4. अधिष्ठाता, भाषा विद्यापीठ 5. अधिष्ठाता, अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ 6. अध्यक्ष, अंतरराष्ट्रीय शिक्षण विभाग 7. अध्यक्ष, भाषा विज्ञान विभाग 8. विभागीय सूचना पट्ट


पोस्ट - हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा - 442001 (महाराष्ट्र)

ई-मेल : hldeptt22@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

मो.नं. 9926394707, E-mail : avadheshkumar@hindivishwa.ac.in

संख्या क्यू/हिंदी/621/30/2023
भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
(आरबीबी, आई एंड टी प्रभाग)

***

235-एल, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली
दिनांक: 08 दिसम्बर 2023

सेवा में,

अध्यक्ष,
हिंदी विभाग,
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा।

**विषय: विश्व हिंदी दिवस-2024 के आयोजन के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय में अनुरोध है कि विदेश मंत्रालय 10 जनवरी को हर साल 'विश्व हिंदी दिवस' का आयोजन करता है। तदनुसार, विदेश मंत्रालय नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू भवन में 10 जनवरी 2024 को **'विश्व हिंदी दिवस'** मना रहा है और इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथियों के भाग लेने की संभावना है।

2. महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा में हिंदी सीख रहे विदेशी छात्रों के मध्य भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किए जाने की परंपरा रही है। इस बार की भाषण प्रतियोगिता के लिए विषय निम्नलिखित हैं:-

1. मैंने हिंदी इस प्रकार सीखी।
2. भारत कैसा लगा।
3. मेरी नजर में भारतीय संस्कृति।

3. अनुरोध है कि विदेशी छात्रों को उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए प्रेरित करें तथा प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेताओं की सूची इस मंत्रालय को भिजवा दें ताकि उन विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करने के लिए समारोह में आमंत्रित किया जा सके। भाषण प्रतियोगिता के लिए पूर्णांक 50 अंक का होगा और भाषण की अधिकतम समय-सीमा 5 मिनट होगी। अतः विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिता के परिणाम मंत्रालय को ई-मेल adol2@mea.gov.in पर **26 दिसम्बर 2023** तक उपलब्ध कराने की कृपा करें।

भवदीय,

(संजय पाटिल)
उप निदेशक (राजभाषा)

13/12/23
सुश्री प्रगति